## एक नजर

### मारपीट के मामले में दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव घरलिया के रहने वाले मनोज कुमार ने बताया कि उनकी गांव के ही जमुना प्रसाद और दिनेश से बीते दिनों किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि सोमवार की शाम जब वह घर से निकले थे। इसी दौरान शाम करीब चार बजे दोनों आरोपियों ने उसे रास्ते में घेर लिया और मारपीट करने लगे। जिसमें वह घायल हो गया। इंस्पेक्टर राजकुमार ने बताया कि मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### आइसक्रीम के रुपये मांगने पर युवक को पीटा

**बरखेड़ा।** गांव लखनऊ कलां के देवदत्त ने बताया कि सोमवार को उसका बेटा चंद्रसेन दूसरे गांव से आइसक्रीम बेचकर अपने गांव में आइसक्रीम बेच रहा था। तभी इसी गांव के रहने वाले सुखलाल और महेंद्र ने उसे आइसक्रीम लेकर खा ली। जब उसने रुपये मांगे तो आरोपियों ने गाली गलौज करना शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट कर दी। इंस्पेक्टर राजकुमार ने बताया कि मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### छह दिन पहले ही तय कर लिया लक्ष्य

**बरखेड़ा।** कस्बा स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड के सचिव तोतरपाल गंगवार ने बताया कि समिति को एक अप्रैल से 30 जून तक 642 लाख रुपये वसूली का लक्ष्य मिला था। निर्धारित समय से छह दिन पूर्व ही 100 लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। 642 लाख रुपये की वसूली कर ली गई है।

# बाय-बाय पीटीआर : सैलानियों के लिए बंद हुए ज्वैल ऑफ तराई के द्वार


## 224 दिन के पर्यटन सत्र में देशी-विदेशी सैलानियों की आमद ने तोड़े सारे पिछले रिकॉर्ड, मुस्तफाबाद में समारोह पूर्वक हुआ पर्यटन सत्र का समापन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व के मुख्य द्वार सैलानियों के लिए मंगलवार शाम बंद कर दिए गए। अंतिम दिन चूका बीच सैलानियों से गुलजार रहा। मुस्तफाबाद वन विश्रामगृह में समारोहपूर्वक पर्यटन सत्र का समापन किया गया। पीटीआर के इस पर्यटन सत्र इस बार सैलानियों की आमद ने पिछले सभी पर्यटन सत्रों के रिकॉर्ड तोड़ दिए।

पिछले पर्यटन सत्र के मुकाबले इस बार दोगुने से अधिक सैलानी पीटीआर की सैर करने पहुचे। वहीं विदेशी सैलानी विगत वर्ष की तुलना में तीन गुना से भी अधिक संख्या में पहुंचे। पर्यटन सत्र से विभाग को 1.35 करोड़ की आय हुई। मानसून सत्र समाप्त होते ही 15 नवंबर को खुलने वाले पीलीभीत टाइगर रिजर्व के द्वार 15 जून को सैलानियों के लिए बंद कर दिए जाते हैं। करीब 73 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में फैले जंगल के सौंदर्य को देखने के लिए हर साल यहां देशी और विदेशी सैलानियों की भीड़ लगी रहती है। हालांकि इस बार प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव के आदेशानुसार पीटीआर का पर्यटन सत्र 10 दिन के लिए और बढाया गया था।

25 जून का समय आखिरकार मंगलवार को आ गया और सैलानियों के लिए पीलीभीत टाइगर रिजर्व के द्वार बंद कर दिए गए। पर्यटन सत्र के अंतिम दिन दो शिफ्टों में 300 से अधिक सैलानियों ने पीटीआर समेत चूका बीच की सैर की। सैलानी सफारी वाहनों से जंगल में गए और बाघ समेत अन्य वन्यजीवों का दीदार करने के साथ जंगल ही हरी-भरी वदियों का करीब से आनंद लिया।



मुस्तफाबाद में बना सैलानियों के लिए सेल्फी प्वाइंट। ● अमृत विचार

### 80 फीसदी सैलानियों को हुए बाघ के दीदार

पीलीभीत टाइगर रिजर्व बाघों के लिए देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी पहचान बनाता नजर आ रहा है। इस पर्यटन सत्र में सैलानियों की संख्या बढ़ने के पीछे बाघों की साइटिंग और सोशल मीडिया पर प्रचार-प्रसार होना माना जा रहा है। 224 दिन के पर्यटन सत्र के दौरान अधिकांश सैलानियों ने बाघों के दीदार किए। सोशल मीडिया पर भी पीटीआर के बाघ छाए रहे। वन अफसरों की मानें तो इस पर्यटन सत्र में पहुंचने वाले 80 फीसदी सैलानियों ने बाघों के दीदार किए।


पर्यटन सत्र के अंतिम दिन जंगल सफारी के दौरान टाइगर साइटिंग करते सैलानी।

### पर्यटन सत्र में 1.35 करोड़ की हुई इनकम

पिछले पर्यटन सत्र के दौरान विभाग को 51,0406 रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई थी। इस बार पीटीआर पहुंचने वाले देशी और विदेशी सैलानियों की आमद में खासी बढ़ोत्तरी देखी गई। इससे विभाग को अच्छी खासी इनकम भी हुई। वन अफसरों के मुताबिक पर्यटन सत्र के दौरान विभाग को 1,35,68354 रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई।


समापन समारोह में मौजूद सैलानी, टूरिस्ट गाइड व सफारी चालक। ● अमृत विचार


पर्यटन सत्र के अंतिम दिन हुए समापन समारोह में महोफ रेंजर को सम्मानित करते एएसपी।

### समारोहपूर्वक हुआ पर्यटन सत्र का समापन

पीटीआर के पर्यटन सत्र के समापन पर मुस्तफाबाद वन विश्राम गृह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने पर्यटन सत्र की सफलता के लिए पीटीआर के वन अफसरों और वनकर्मियों की सराहना की। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने महोफ रेंज के रेंजर सहेंद्र कुमार यादव, टूरिज्म प्रभारी सुरेंद्र गौतम, देवेंद्र सिंह आदि को उनके बेहतर योगदान पर सम्मानित किया। डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने पर्यटन सत्र के सकुशल संपन्न होने पर वन अफसरों, वनकर्मियों आदि की सराहना की। कार्यक्रम में पीटीआर के उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार समेत पीटीआर और वन एवं वन्यजीव प्रभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

● **पीटीआर प्रशासन का दावा लगभग 1.35 करोड़ हुई राजस्व की प्राप्ति**

**224 दिनों में 53378 सैलानियों की पीटीआर की सैर :** पीटीआर में इस बार चूका बीच के साथ ही नया टूरिज्म स्पॉट सप्तसरोवर भी सैलानियों के लिए आर्कषण का केंद्र रहा। वन अफसरों के मुताबिक पर्यटन सत्र के दौरान 15 नवंबर से 25 जून तक इस बार देश के कोने-कोने से 53378 सैलानियों ने पीटीआर की सैर करने पहुंचे। इन सभी सैलानियों ने 11700 सफारी वाहन ट्रिप से पीटीआर के खूबसूरत टूरिज्म स्पॉटों की सैर की।

इस बार सैलानियों की संख्या में पिछले पर्यटन सत्र के मुकाबले दोगुनी बढ़ोत्तरी देखी गई। पर्यटन सत्र के दौरान ही 52 निजी बसों के माध्यम से स्कूली बच्चों ने भी पीटीआर की सैर की। इस बार सैलानियों ने चूका बीच और सप्त सरोवर में बनी हटों में रात्रि विश्राम करने में खासी दिलचस्पी दिखाई। सैलानियों द्वारा 1039 बार हटों की ऑनलाइन बुकिंग कराई गई। पर्यटन सत्र के दौरान इस बार सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश समेत कई राजनेता, अभिनेता समेत कई बड़े अफसर भी पीटीआर पहुंचे।

### विश्व पटल पर बनाई पहचान, 189 विदेशी सैलानी भी पहुंचे पीटीआर

पीलीभीत टाइगर रिजर्व बाघों की संख्या को लेकर देश के साथ विदेशी धरती पर अपनी पहचान बनाता नजर आ रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पीटीआर में आने वाले विदेशी सैलानियों की संख्या में साल दर साल इजाफा देखा जा रहा है। इस बार पर्यटन सत्र में 189 विदेशी सैलानियों ने पीटीआर पहुंचकर यहां की खूबसूरती देखने के साथ बाघ समेत वन्यजीवों के दीदार किए। इसमें पांच देशों के राजदूत और उनके परिवार समेत फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, नीदरलैंड आदि देशों के सैलानी शामिल रहे।

# ड्यूटी के दौरान निजी प्रैक्टिस करना पड़ा महंगा

संवाददाता, पूरनपुर

● **सेवाप्रदाता संस्था ने चौबीस घंटे में पशु चिकित्सक से मांगा स्पष्टीकरण**

● **निजी क्लीनिक पर एंबुलेंस खड़ी कर उपचार करने का आरोप**

**अमृत विचार :** पशुओं का उपचार करने को दी गई सरकारी एंबुलेंस का निजी तौर पर उपयोग करना एक पशु चिकित्सक को महंगा पड़ गया। शिकायत पर संस्था ने पशु चिकित्सक से 24 घंटे में स्पष्टीकरण मांगा है। निर्धारित समय पर जवाब नहीं मिलने पशु चिकित्सक की संविदा समाप्त की जा सकती है।

सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण के अंतर्गत पूरनपुर क्षेत्र में पशुओं का उपचार करने के लिए एम्बुलेंस भी दी गई है। इस एंबुलेंस में पशु चिकित्सक तैनात है। योजना के तहत एम्बुलेंस गांव में कैंप कर या फोन कॉल आने पर पशुओं का निशुल्क उपचार करेगी। लेकिन, यहां पशु चिकित्सक की मनमानी से पशुपालकों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा था।

> बिना सूचना दिए चिकित्सक निजी क्लीनिक चला रहे हैं। वाहन से हुई दुर्घटना के बारे में भी अवगत नहीं कराया गया। सेवा प्रदाता संस्था ने चिकित्सक से स्पष्टीकरण मांगा है। – डा. राजीव मिश्रा, उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पुरनपुर

पशु चिकित्सक ने कस्बे में अपना निजी क्लीनिक खोल रखा है। आरोप है ड्यूटी के दौरान पशु चिकित्सक ग्रामीण क्षेत्र में न जाकर अपने क्लीनिक पर सेवाएं देते हैं। इसके अलावा टोल फ्री नंबर के लिए संचालित एमयूवी वाहन (एंबुलेंस) भी अपने क्लीनिक के बाहर खड़ी रखते हैं। जबकि एंबुलेंस खड़ी रहने के लिए ब्लॉक परिसर निर्धारित है। ग्रामीण क्षेत्र में पशुपालकों को सेवाएं न मिलने पर ग्रामीणों ने मामले की शिकायत उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजीव मिश्रा से की। राजीव मिश्रा ने मामले को गंभीरता से लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ ही संस्था अपशुपति डिस्ट्रीब्यूटर्स प्राइवेट लिमिटेड को इसके बारे में पत्र भेजकर अवगत कराया। डॉक्टर राजीव मिश्रा द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि पशु चिकित्सक डॉ अमरेश कुमार अमरेश पेट क्लिनिक पर बैठकर निजी प्रैक्टिस करते हैं। बीते 16 जून को एमवीयू वाहन ट्रैक्टर ट्राली से टकराया।

चालक ने वाहन की मरम्मत कराई लेकिन इसकी सूचना संस्था को नहीं दी। उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी की शिकायत के बाद संस्था ने डा. अमरेश कुमार यादव से 24 घंटे में अपना स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। पत्र में संस्था ने अनुबंध के नियमों को याद दिलाते हुए दायित्वों का पाठ भी पढ़ाया गया है। निर्धारित समय तक स्पष्टीकरण न देने पर संस्था डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

## बस सवार युवकों में मारपीट करने का आरोपी हिरासत में

**घुंघचिहाई, अमृत विचार :** पूरनपुर से घुंघचिहाई आ रही बस में दो युवकों में मारपीट शुरू हो गई। घटना मंगलवार की है। चालक ने जब थाने के सामने सवारी उतारने के लिए बस रोकी तो वहां पर भी दोनों युवको में जमकर मारपीट हुई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को हिरासत में ले लिया। बताते हैं कि नजदीक से गुजरते वक्त हाथ लगने पर हुई कहासुनी के बाद विवाद बढ़ता चला गया था। एक पक्ष घुंघचिहाई तो दूसरा गुलड़िया भूपसिंह गांव का रहने वाला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# संचालक नहीं दिखा सका अभिलेख सिद्धि विनायक अस्पताल सील

संवाददाता, बिलसंडा

● **सप्ताह भर पहले महिला की उपचार के दौरान अस्पताल हुई थी मौत**

● **सीएमओ के निर्देश पर सीएचसी अधीक्षक ने की कार्रवाई**

**अमृत विचार:** सिद्धि विनायक नाम से चल रहे अस्पताल में महिला की मौत मामले में जांच को पहुंची टीम को स्टाफ कोई भी अभिलेख नहीं दिखा सका। यहां डॉक्टर न मिलने पर फर्जी ढंग से संचालित मानकर सीएमओ के निर्देश पर सीएससी अधीक्षक ने अस्पताल सील कर दिया है।

नगर से सटे गांव मझिगवा के ओमपाल प्रजापति की पत्नी शारदा देवी हार्ट पेशेंट थीं। हफ्ते भर पूर्व उसे बुखार आया था। जिसकी वजह से नगर के एक निजी डॉक्टर को दिखाया। उसने हालत गंभीर बताते हुए कहीं बाहर दिखाने का सुझाव दे दिया। बताते हैं कि वहां से वह अपनी पत्नी को सरकारी अस्पताल ले गया था। जहां पर चिकित्सक ने भी रेफर कर दिया। इसी बीच अस्पताल परिसर में घूम रहे सिद्धि विनायक नाम से चल रहे एक अस्पताल के कर्मचारी ने परिवार से संपर्क साधा और उसे अपने अस्पताल में बेहतर उपचार की बात कहते हुए ले गया। उसी कर्मचारी के साथ बीते बुधवार को निजी अस्पताल में महिला को भर्ती कराया गया था। बताते हैं कि जिस अस्पताल में भर्ती किया गया, वहां पर हृदय रोग विशेषज्ञ तो दूर की बात कोई डॉक्टर भी नहीं था। अनट्रेन्ड स्टाफ ने ही महिला का उपचार किया।

महिला के पति का आरोप हैकि गलत उपचार किए जाने की वजह से उसकी पत्नी की मौत हो गई। आरोप है कि इस अस्पताल में बाहर के डॉक्टरों का पैनल दर्शा तो रखा है, लेकिन कोई भी डॉक्टर अस्पताल मौजूद नहीं रहता।

सोमवार को सीएमओ के निर्देश पर मामले की जांच करने के लिए सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनीष राज शर्मा टीम के साथ निजी अस्पताल पहुंचे थे। संचालक से मान्यता संबंधी अभिलेख तलब किए तो वह मौके पर नहीं दिखा सका। इसके अलावा डॉक्टरों की सूची भी मांगी। जिसकी रिपोर्ट बनाकर सीएमओ को दी गई। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार के निर्देश पर अधीक्षक डॉ. मनीष राज शर्मा ने मंगलवार को टीम के साथ मौके पर पहुंचकर सिद्धि विनायक अस्पताल को सीज कर दिया है।


बिलसंडा कस्बे में अस्पताल सीज करने पहुंची टीम। ● अमृत विचार

### दो लाख नहीं दिए इसलिए सील किया अस्पताल

अस्पताल संचालक डा. अरविंद वर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेरा अस्पताल गलत सील किया गया है। अस्पताल सील करने से पहले दो लाख रुपये की मांग की गई थी। जिस महिला की मौत होने पर कार्रवाई की जा रही है, वह तो हमारे अस्पताल से जाते वक्त जिंदा थी। नवीनीकरण की फाइल अप्रैल में सीएमओ कार्यालय में जमा कर दी गई थी। लेकिन नवीनीकरण अब तक नहीं किया गया।

> बीते कई दिनों से सिद्धि विनायक अस्पताल में महिला की मौत का मामला सोशल मीडिया पर चल रहा था। जांच कराई गई तो संचालक कोई भी अभिलेख नहीं दिखा सका। कौन डॉक्टर इलाज करते हैं, ये भी स्पष्ट नहीं हो सका था। इस पर अस्पताल को सीज कर दिया गया है। – डॉ. आलोक कुमार, सीएमओ

## औषधि निरीक्षक की छापामारी देख शटर गिराकर भागे दुकानदार

संवाददाता, घुंघचिहाई

**अमृत विचार:** औषधि निरीक्षक ने घुंघचिहाई में छापामारी कर मंगलवार को मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई मेडिकल स्टारों पर खामियां भी सामने आई। जिन पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इधर, छापामारी का शोर मचते ही कई संचालक मेडिकल स्टोर बंद कर भाग गए।

औषधि निरीक्षक नेहा वैश्य मंगलवार सुबह टीम के साथ कस्बे में पहुंची। दो मेडिकल पर निरीक्षण किया गया। एक मेडिकल से विभिन्न प्रकार की दवा और अन्य वस्तुओं के सैंपल लिए। दूसरे मेडिकल स्टोर के संचालक ने दुकान को पहले ही खाली कर दिया था। औषधि निरीक्षक जब पहुंची तो वहां पर सिर्फ फर्नीचर पड़ा मिला। मेडिकल सटोर संचालक बैठा हुआ था। दुकान की माप कराई गई। संचालक का कहना था कि रजिस्ट्रेशन के लिए अप्लाई किया गया था। इसी को लेकर निरीक्षण किया गया। उधर, औषधि निरीक्षक भी जानकारी देने से बचती रहीं।

## स्टांप चोरी: तीन मामलों में 2.09 लाख का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● **जुर्माना नहीं अदा करने पर भू राजस्व की भांति होगी वसूली**

**अमृत विचार:** डीएम संजय कुमार सिंह ने स्टांप चोरी के तीन मामलों में 2.09 लाख रुपए जुर्माना डाला है। इसमें एक मामला तहसील पूरनपुर, दूसरा तहसील बीसलपुर और तीसरा सदर तहसील का है।

पहला मामला पूरनपुर तहसील का है। ग्राम नरायनपुर की मनीषा पांडेय एवं घनश्यामपुर की मंजीत कौर का बैनामा जनवरी 2024 को हुआ था। जिसमें 84450 रुपये कमी स्टांप, निबंधन शुल्क 16930 एवं अर्थदंड 9000 रुपये समेत कुल 1,10,380 एवं कमी स्टांप शुल्क बैनामा निष्पादन के माह जनवरी 2024 से 1.5 प्रतिशत प्रति माह की दर से व्याज आरोपित किया गया है। दूसरा मामला बीसलपुर तहसील के मोहल्ला दुर्गा प्रसाद के सुरेश का बैनामा 29 अप्रैल 2023 के सापेक्ष कमी स्टांप शुल्क 49 हजार रुपये, कमी निबंधन शुल्क 9800 रुपये, अर्थदंड समेत कुल 68 हजार 800 रुपये और कमी स्टांप शुल्क पर बैनामा निष्पादन के माह अप्रैल 2023 से 1.05 प्रतिशत की दर से प्रतिमाह साधारण व्याज डाला गया है।

तीसरा मामला सदर तहसील का है। जिसमें शगुफ्ता परवीन एवं फरजाना निवासी न्यूरिया का बैनामा आठ फरवरी 2024 के सापेक्ष कमी स्टांप शुल्क 24 हजार 400, कमी निबंधन शुल्क 2920 रुपये, अर्थदंड तीन हजार रुपये समेत कुल 30320 रुपये एवं कमी स्टांप शुल्क बैनामा निष्पादन के माह फरवरी 2024 से 1.5 प्रतिशत की दर से साधारण ब्याज डाला गया है। तीनों मामलों में जिला मजिस्ट्रेट संजय कुमार सिंह ने यह भी आदेश किया है कि अधिरोपित धनराशि तत्काल जमा कराई जाए। धनराशि जमा न किए जाने की स्थिति में संबंधित तहसीलदार से भू राजस्व की भांति वसूली कराई जाए।

## दुष्कर्म के मामले में साले- बहनोई के खिलाफ रिपोर्ट

**पूरनपुर, अमृत विचार :** डरा धमका कर पड़ोसी युवक युवती के साथ एक साल तक दुष्कर्म करता रहा। युवक ने उसके अश्लील फोटो और वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। आरोपी पीड़िता की शादी के रिश्ते तय होने में भी अड़चन डाल रहा है। पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी और उसके बहनोई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री के साथ पड़ोसी नन्हेलाल ने एक साल तक दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने उसे डराया धमकाया। आरोपी के बहनोई नगरिया गांव के कपिल ने भी उसकी मदद की। विरोध करने पर युवक ने बेटी के अश्लील फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए।

शिकायत करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। परिजनों ने जब बेटी की शादी करने के लिए कई रिश्ते तय किए तो आरोपी नन्हेलाल ने फोन कर बेटी को बदनाम करते हुए सभी रिश्ते तुड़वा दिए। इसको लेकर परिजन परेशान हैं। पुलिस ने नन्हेलाल और कपिल के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की है।




# किसानों से गन्ना प्रजाति 0238 की जगह दूसरी प्रजाति लगाने का किया आग्रह

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** उप गन्ना आयुक्त ने जनपद में गन्ना विकास परिषद पीलीभीत मझोला के अंतर्गत आने वाले गांवों में गन्ने के खेतों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से वार्ता भी की और उनके द्वारा किए गए फसल प्रबंधन की सराहना की। साथ ही उन्होंने गन्ना प्रजाति 0238 की बुवाई नहीं करने की बात कही।

उप गन्ना आयुक्त डॉ. दिनेश्वर मिश्रा मंगलवार को जनपद दौरे पर पहुंचे। उन्होंने गन्ना विकास परिषद पीलीभीत के टाह, रम्पुरा टाह, मुड़िया रतनपुरी, सैंजना, देवीपुरा, कैमखास, कैम सिकलापुर, मोहनपुर एवं गन्ना विकास परिषद मझोला के ग्राम टांडा बिजैसी, ढकिया उलकरी, गिधौर, अलमापुर, ललपुरिया, खिरका, भिंडारा, पंडरी कुलारा और कटैया गांव का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने गन्ने में लगने वाले कीट आदि को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया। गांव टाह के किसान त्रिवेंद्र सिंह के गन्ने के खेतों का निरीक्षण करने के दौरान किसानों ने बताया कि बुवाई से पहले फफूंदनाशक से भूमिशोधन, बुवाई के समय ट्राइकोडर्मा का प्रयोग और बाद में बायोजाईम का भी प्रयोग किया गया था।

मल्चिंग के साथ पेड़ी प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया गया। गांव टांडा बिजेसी के किसान वीरपाल सिंह ने उप गन्ना आयुक्त को बताया कि बुवाई के समय खेत पर ट्राइकोडर्मा का इस्तेमाल किया था।

इसके अलावा माइकोराइजा एवं ह्यूमिक एसिड का प्रयोग किया गया। अलमापुर गांव के किसान जसकरन के अक्टूबर में बोए गए को. 0238 गन्ने का निरीक्षण किया। इस दौरान किसानों से कहा यह किस्म लाल सड़न रोग से ग्रसित है। इसकी बुवाई न करें। जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक रामभद्र द्विवेदी, विजय लक्ष्मी, मनोज साहू, सचिव प्रदीप अग्निहोत्री, एलएच चीनी मिल के संजीव राठी, सुखराज सिंह समेत अन्य फील्ड स्टाफ मौजूद रहा।


गन्ना फसल के संबंध में किसान से जानकारी लेते उप गन्ना आयुक्त। ● अमृत विचार

● **उप गन्ना आयुक्त ने गन्ने के खेतों का किया स्थलीय निरीक्षण**






**आज का मौसम**

आसमान में धूप खिली रहेगी।

36.0⁰ अधिकतम तापमान | 27.0⁰ न्यूनतम तापमान

## करंट से बालक झुलसा

**बरखेड़ा।** मकान के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर एक बालक झुलस ग। उसे बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना क्षेत्र के गांव जगीपुर जैतपुर के रहने वाले कैप्टन कुमार ने बताया कि उसके मकान के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजरी है। मकान मे बीते दिनों लिंटर डलवाया गया था। सोमवार को घुटाई का कार्य चल रहा था। अस बीच सुबह करीब नौ बजे उसका 11 वर्षीय पुत्र अर्पित कुमार मकान की छत पर पहुंच गया। किसी तरह करंट लग गया। हालत गंभीर होने पर बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार चल रहा है।

### बरखेड़ा में हाथ से उखड़ने लगी 1.80 करोड़ रुपये की लागत से बन रही सड़क, ग्रामीणों ने बनाया वीडियो

# चलने के लिए नहीं...जेब भरने को बनाई जा रही सड़क

संवाददाता, दियोरियाकलां

- एक्सईएन ने दी सफाई, बनने के कुछ समय बाद का है वीडियो, सड़क पूरी तरह से ठीक

**अमृत विचार:** सड़कों के खराब गुणवत्ता से निर्माण पर मुख्यमंत्री कई बार नाराजगी जताने के साथ ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने के साथ अफसरों पर भी कार्रवाई के निर्देश दे चुके हैं लेकिन इस सबका नीचे से ऊपर तक कोई असर नहीं है।

मामला बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र का है। जहां करीब 1.80 करोड़ की लागत से बन रही सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाता एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें कुछ ग्रामीण निर्माणाधीन सड़क को हाथ और पैर से उखाड़ते दिखाई दे रहे हैं। उनका कहना है कि न तो कोलतार ठीक मात्रा में डाला गया है, न ही अन्य मानकों का कोई ध्यान रखा। इधर, जिम्मेदारों का इसे लेकर अपना अलग तर्क है। उनका कहना है कि वीडियो सड़क बनने के कुछ देर बाद का है। साजिशन विभाग की छवि करने की कोशिश की जा रही है।

दरअसल, सड़क की गुणवत्ता को लेकर लोक निर्माण विभाग लगातार चर्चा में है। अधिक एस्टीमेट को लेकर पूर्व में कार्रवाई भी हो चुकी है। इसके बाद भी न तो जिम्मेदार ही मान रहे और न ठेकेदार। चार महीने पहले पूरनपुर क्षेत्र में गांव गुलड़िया भूपसिंह से इक्कोतरनाथ तक करीब 60 लाख से बनाई जा रही पांच किलोमीटर लंबी सड़क की गुणवत्ता से जुड़ा एक वीडियो सामने आया था। जिसमें एक ग्रामीण सड़क पर हाथ रगड़ रहा है, जिससे बजरी उखड़ रही है।

वीडियो सामने आने के बाद अभियंताओं ने मौके पर जाकर जांच की थी। अब यह वायरल वीडियो बिलसंडा के बढ़ेपुरा से रामनगर जगतपुर गांव होते हुए पौटाकलां तक बनाई जा रही बीस किमी सड़क का है। मंगलवार को वायरल वीडियो में चार-पांच ग्रामीण सड़क को हाथ और पैर से ही उखाड़ते दिखाई दे रहे हैं। वह सड़क की गुणवत्ता पर भी सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है सड़क पर कोलतार का प्रयोग तो नाममात्र ही किया गया है। फिलहाल वीडियो संज्ञान में आने के बाद जिम्मेदार बचाव के लिए अपना पक्ष दे रहे हैं। उकना कहना है कि सड़क ठीक बनी है। जेई ने भी जांच की।

> इस सड़क का नवीनीकरण काम चल रहा है। करीब 1.80 लाख की लागत से काम होना है। करीब 20 किमी दायरे में काम होना है। जिसमें पांच किमी दायरे में सड़क डाली जा चुकी है। वायरल वीडियो सड़क बनने के कुछ घंटे बाद का है। ग्रामीण सड़क बनने के कुछ मिनट बाद ही उखाड़ने लगे। जेई को मौके पर लगाया गया है। गुणवत्तापरक कार्य कराया जा रहा है। – संजीव कुमार जैन, अधिशासी अभियंता लोनिवि निर्माण खंड

### 35 फीसदी तक कमीशन तो कहां से आए गुणवत्ता

पूर्व में पूरनपुर, मझोला और अब बरखेड़ा में बनाई जा रही सड़क की गुणवत्ता को लेकर मामला उठा तो पीडब्ल्यूडी के कुछ अफसरों की पोल भी खुली। इधर, अंदरखाने चर्चा है कि कमीशनबाजी के कारण ठेकेदार काम की गुणवत्ता से समझौता करते हैं। इसमें अधिकारियों से लेकर बाबुओं को कमीशन दिश जाता। पीडब्ल्यूडी के एक ठेकेदार ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि सड़क का टेंडर लेने से लेकर बिल पास कराने तक 30 से 35 फीसदी तक खर्च करना पड़ जाता है। तब कहीं जाकर सड़क का टेंडर मिल पाता है। ऐसे में सड़कों की गुणवत्ता कहां से आएगी। इसका अंदाजा सहज लगाया जा सकता है।



वायरल वीडियो से हाथ से सड़क उखाड़ते ग्रामीण का लिया गया स्क्रीन शॉट।

## शिकायत पर महिला के मकान पर मारा छापा

**बीसलपुर, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पोर्टल पर हुई शिकायत के बाद मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में टीम ने एक महिला के मकान में छापा मारा। सीएचसी अधीक्षक ने जांच पड़ताल की लेकिन कोई चिकित्सा संबंधी उपकरण व दवा नहीं मिली।

नगर के एक युवक ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी कि रम्पुरा मार्ग पर एक झोलाछाप महिला लोगों का इलाज करती है। घर को क्लीनिक बनाकर इस्तेमाल किया जा रहा है। इस पर नायब तहसीलदार की मौजूदगी में सीएचसी अधीक्षक डॉ.लेखराज गंगवार ने महिला के घर छापा मारा और जांच की। कोई भी चिकित्सा संबंधी उपकरण नहीं मिला। इस पर टीम वापस आ गई। छापामारी के चलते हड़कंप मचा रहा।

# पिकअप ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, एक की मौत, आठ घायल

### जहानाबाद -शाही मार्ग पर हुआ हादसा, मचा रहा हड़कंप, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा, घायल मेडिकल कॉलेज में भर्ती

संवाददाता, जहानाबाद (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** वाहनों की तेज रफ्तार एक बार फिर हादसे का सबब बन गई। सवारियों से भरे ई-रिक्शा को तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि चालक समेत आठ अन्य सवारियां घायल हो गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू कर घायलों को अस्पताल भिजवाया। शव पोस्टमार्टम को भेज पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

कस्बा जहानाबाद के 20 वर्षीय नाजिम ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करते हैं। मंगलवार दोपहर करीब दो बजे वह ई-रिक्शा में सवारियां लेकर जहानाबाद से शाही गांव जा रहे थे। ई-रिक्शा में कुल नौ लोग सवार थे। हंडा और कुकरीखेड़ा गांव के बीच पहुंचते ही पिकअप ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक के साथ ही उसमें सवार ग्राम खमरिया दलेलगंज के रहने वाले बुंदन बख्श (45) पुत्र हमीदुल्ला, उनकी पत्नी रफीक बानो (40), नवाबगंज (बरेली) के गांव पियार की मीना मिश्रा (50), शेरगढ़ (बरेली) के पनवड़िया गांव के सचिन (15), बरखेड़ा क्षेत्र के पौटा खमरिया के आमना (45), उसका बेटा हुसैन (10), रहीम (7) और अंडरायन गांव की अंजुम (60) घायल हो गए। इसकी सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर जहानाबाद राजीव शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को आनन-फानन में सीएचसी जहानाबाद भिजवाया गया। वहां चिकित्सक ने बुंदन बख्श को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। हादसे के चलते हड़कंप मचा रहा।

जहानाबाद इंस्पेक्टर राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि ई-रिक्शा और पिकअप की टक्कर हुई है। हादसे में एक युवक की मौत हुई है जबकि चालक समेत आठ लोग घायल हुए है। घायलों को अस्पताल भिजवाया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



घायलों से हादसे की जानकारी करने पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार



घायलों के पहुंचने पर सीएचसी जहानाबाद में लगी भीड़। ● अमृत विचार

### कई फीट दूर खाई में गिरा ई-रिक्शा

दोनों वाहनों की जबरदस्त टक्कर हुई। घायलों का कहना था कि वह तो बेफ्रिक होकर ई-रिक्शा पर सवार होकर जा रहे थे। इसी बीच एक तेजरफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। जिसके बाद ई-रिक्शा उछलता हुआ करीब दस फीट दूर खाई में जा गिरा। इसके बाद बेसुध से हो गए और फिर तो सिर्फ चीख पुकार सुनाई दे रही थी।

### साले की मंगनी में जा रहे थे बुंदन

हादसे में बुंदन बख्श की मौत और पत्नी के घायल होने की सूचना पर कुछ ही देर में परिवार वाले भी सीएचसी पहुंच गए। सभी का रोकर बुरा हाल रहा। उन्होंने बताया कि बुंदन शाह अपनी पत्नी के साथ साले की मंगनी में शामिल होने के लिए बरेली जनपद के नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम अधकटा जाने के लिए निकले थे। परिवार में खुशी का माहौल था। इसी बीच हादसे की खबर पहुंचने से कोहराम मच गया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**पीलीभीत।** कार की टक्कर से बाइक सवार बहेड़ी के ग्रामीण की मौत हो गई। हादसा सोमवार देर शाम हुआ। बरेली जनपद के बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव रुरकी के मुस्तकीम ने बताया उसके चाचा तारिक खान (50) सोमवार शाम जहानाबाद क्षेत्र के दलेलगंज गांव जाने के लिए घर से बाइक लेकर निकले थे। निसरा से परेवा वैश्य जाने वाले मार्ग पर लदपुरा गांव के पास पहुंचते ही अनियंत्रित कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में चाचा की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची। जानकारी मिलने पर परिजन भी आ गए। इंस्पेक्टर जहानाबाद राजीव शर्मा का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। कार नंबर के आधार पर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## पालकी यात्रा में युवकों से मारपीट मामले में एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सोमवार शाम पालकी यात्रा में शामिल होकर लोट रहा था गौतम
- घायल की मां से मिली तहरीर पर पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** साई पालकी यात्रा में शामिल दो युवकों से मारपीट मामले में एक घायल की मां से मिली तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की। एक नामजद समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के शारदा कॉलोनी साई धाम मंदिर की रहने वाली मीना देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सांईधाम मंदिर से सोमवार को पालकी यात्रा निकाली गई थी। पालकी यात्रा में उनका पुत्र गौतम, मोहल्ले का ही चंद्रशेखर व अन्य लोग शामिल थे। चिह्नित मार्गों से होकर पालकी यात्रा वापस लौट रही थी। आरोप है कि तभी मां ज्वाला देवी मंदिर के निकट पहुंचते ही अभय सक्सेना अपने पांच छह अज्ञात साथियों संग यात्रा में शामिल लोगों से गाली गलौज कर अभद्रता करने लगा। उसके पुत्र व अन्य लोगों ने विरोध किया तो हमला कर दिया। पुत्र के गंभीर चोटें आईं। शोर शराबे पर काफी लोग मौके पर आ गए। इसपर आरोपी धमकी देकर भाग गए। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि एक नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। कोतवाली में दर्ज की गई रिपोर्ट में नगर के मोहल्ला हबीबुल्लाह खां के रहने वाले सोहेल खान ने बताया कि वह 21 जून को दोपहर डेढ़ बजे मोहल्ले में स्थित मस्जिद में नमाज पढ़कर घर जा रहा था। इस बीच पुरानी रंजिश को लेकर मोहल्ले के ही रफीक, फहीम और सलीम ने रोक लिया। गाली गलौज का विरोध करने पर लाठी डंडे से पिटाई की। इसके बाद लोहे की रॉड मारकर लहूलुहान कर दिया। भीड़ जमा होने पर अंजाम भुगतने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# चार ओवरलोड वाहनों को किया सीज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- एआरटीओ बोले-ओवरलोडिंग के खिलाफ जारी रहेगा अभियान
- पीलीभीत-शाहजहांपुर मार्ग पर वाहनों से 2.32 लाख जुर्माना वसूला

**अमृत विचार :** ओवरलोडिंग की लगातार मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेकर एआरटीओ ने ऐसे वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान हाईवे पर ओवरलोड वाहन चेक किए गए। चेकिंग के दौरान चार ओवरलोडिंग वाहनों को सीज किया गया। जबकि दो वाहनों का चालान की कार्रवाई की गई। इस दौरान 2.32 लाख रुपये प्रशमन शुल्क वसूला गया। चेकिंग से कुछ देर के लिए हाईवे पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही।

एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि टीम के साथ सोमवार की रात पीलीभीत-शाहजहांपुर जनपदीय सीमा क्षेत्र में ओवरलोडिंग वाहनों की चेकिंग के दौरान मार्ग से गुजर रहे कई वाहनों को रोका। इस दौरान वाहनों में लदे माल के प्रपत्रों का मिलान किया गया। जिसमें छह वाहनों में क्षमता से अधिक माल होना पाया गया। इनमें दो वाहनों में वेगास और चार वाहनों में खनन संबंधी माल का परिवहन होता मिला। ओवरलोडिंग का मामला होने पर एआरटीओ ने चार वाहनों को मौके पर सीज करते हुए उन्हें संबधित चौकी पर खड़ा करा दिया गया। जबकि दो ओवरलोडिंग वाहनों का चालान करते हुए उनसे 2.32 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया।

इसके अलावा चेकिंग के दौरान क्षमता से अधिक सवारियां लेकर दौड़ रहे ऑटो, टेंपो और मैजिक का भी चालान किया गया। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि ओवरलोड वाहनों की चेकिंग की गई थी। इसमें चार वाहनों को सीज किया गया। जबकि दो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 2.32 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया।



शाहजहांपुर हाईवे पर ओवरलोडिंग वाहनों की चेकिंग करते एआरटीओ वीरेंद्र सिंह।

## पूर्व प्रेमी ने महिला को धमकाया आरोपी का भाई हिरासत में लिया

संवाददाता, पूरनपुर

- साथ नहीं रहने पर महिला और उसके पति को जहर देकर मारने की पुलिस से की गई शिकायत

**अमृत विचार:** गांव में रहने वाले पूर्व प्रेमी ने पति की गैर मौजूदगी में महिला को घर में घुसकर साथ रहने का दबाव बनाया। विरोध करने पर महिला और उसके पति को जहर देकर मारने की धमकी दी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के भाई को हिरासत में लिया है।

बताते हैं कि कोतवाली क्षेत्र की एक महिला का युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। विवाद के बाद प्रेम कहानी खत्म हो गई। कुछ दिन पहले महिला का पति मजदूरी करने के लिए हरियाणा चला गया। इसका फायदा उठाकर महिला का पूर्व प्रेमी घर में घुस गया। उसने महिला पर साथ रहने का दबाव बनाया। विरोध करने पर युवक चला गया। महिला का आरोप है कि अब युवक अक्सर उसके घर में घुस आता है और अश्लील हरकतें करता है। उसने महिला की नहाते समय अश्लील वीडियो भी बना लिया। साथ रहने से मना करने पर उसने महिला और उसके पति को जहर देकर मारने की धमकी दी। घबराई महिला मंगलवार को पति के साथ कोतवाली पहुंची। उसने आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी युवक के भाई को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। उपनिरीक्षक प्रदीप मालिक ने बताया कि महिला की शिकायत पर आरोपी युवक के भाई को हिरासत में लिया गया है। शीघ्र ही आरोपी को भी हिरासत में लिया जाएगा। मामले की जांच चल रही है।

# कमीशनबाजी का एसडीएम पता लगा रहे, मारपीट प्रकरण की ईओ करेंगे जांच

**शेल्टर होम प्रकरण**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- दो दिन पूर्व लेखाधिकारी और मैनेजर के बीच रजिस्टर को लेकर हुई थी मारपीट
- नगर पालिका कार्यालय के जिम्मेदारों को नहीं लगी भनक अब पता चला तो मची खलबली

**अमृत विचार :** शेल्टर होम में दो दिन पूर्व लेखाधिकारी और मैनेजर के बीच हुई मारपीट का मामला अब तूल पकड़ता दिख रहा है। दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए अफसरों से मामले की शिकायत कर रहे हैं। एडीएम कमीशनबाजी के आरोप की जांच एसडीएम से करा ही थी। अब मामला संज्ञान में आने पर मारपीट प्रकरण में ईओ लाल चंद भारती को जांच दे दी गई है। फिलहाल इन दिनों शेल्टर होम प्रकरण गर्माया है।

बता दें कि 23 जून की रात नगरपालिका के शेल्टर होम में शेल्टर होम के मैनेजर देवेंद्र और लेखाधिकारी रोशनलाल के बीच रजिस्टर को लेकर मारपीट हो गई। दोनों के बीच जमकर कुर्सियां चली। मैनेजर ने लेखाधिकारी पर अपनी साली की फर्जी हाजिरी लगाने और बिल बाउचर गायब करने का आरोप लगाया था। वहीं लेखाधिकारी ने मैनेजर पर वहां गलत कार्य और फर्जी तरीके से लोगों को लगाने की शिकायत दर्ज कराई है। मगर दोनों के बीच हुई मारपीट की जानकारी नगरपालिका के ईओ और चेयरमैन को नहीं दी गई। सोशल मीडिया से मामला संज्ञान में आने के बाद अफसर सख्त हुए हैं। इसके बाद एीएम वित्त एवं राजस्व ऋतु पूनिया ने ईओ लाल चंद भारती को जांच दी है। ईओ ने मौके पर पहुंचकर मामले को लेकर जानकारी भी जुटाई। बता दें किबीते दिनों एडीएम ने शेल्टर होम के भुगतान में कमीशनबाजी का आरोप लगा था। जिसकी जांच पूर्व में ही एसडीएम सदर देवेंद्र कुमार कर रहे हं। हालांकि अभी ये जांच पूरी नहीं हो सकी है।


कमीशनखोरी का विवाद निपटा नहीं, अब मैनेजर और अकाउंटेंट की हाथापाई ने करा दी फजीहत

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

> शेल्टर होम में लेखाधिकारी और मैनेजर के बीच मारपीट का मामला संज्ञान में आया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसी आधार पर रिपोर्ट तैयार कर अधिकारियों को भेजी जाएगी। – **लालचंद भारती**, ईओ नगर पालिका पीलीभीत

## दंपती पर दर्ज कराई जेवर गायब करने की रिपोर्ट

संवाददाता, बीसलपुर

- कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई
- नवंबर 2023 की घटना, बरेली के बिथरी चैनपुर की है पीड़िता

**अमृत विचार:** वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आई महिला के जेवरात गायब करने के मामले में कई दिन टरकान के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। जिसके बाद महिला ने कोर्ट का खटखटाया। मंगलवार को कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई की गई है। कोतवाली पुलिस ने महिला की तहरीर पर उसके रिश्तेदार के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

बरेली जनपद के थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र के गांव उड़ला जागीर की रहने वाली इमरान की पत्नी आरजू ने बताया कि 23 नवंबर 2023 को वह बबलू पुत्र अब्दुल वहीद की शादी में शामिल होने ग्राम रसिया खानपुर आई थी। रात के वक्त अपनी खाला साबिया पत्नी रहमुल्ला के यहां रुक गईं। महिला ने अपने सोने के जेवर अपनी खाला साबिया और खालू रहमुल्ला के पास रखवा दिए। दूसरे दिन सुबह जगाने पर वापसी की तैयारी कर रही थी। इस दौरान खाला से जेवर वापस मांगे। संदूक खोला तो उसमें रखे हुए सोने के जेवर गायब थे। उक्त दोनों ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। पुलिस से शिकायत की गई लेकिन सुनवाई नहीं हुई। तब न्यायालय की शरण ली गई। अब कोर्ट के आदेश पर आरोपी दंपति के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की धाराओं में नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**सराहनीय**

### 1126 गांवों में 1.84 कृषि गाटों का 535 कर्मियों ने खेतों में जाकर एप से किया था सर्वे

# डिजिटल क्रॉप सर्वे में प्रदेश में छठे स्थान पर रहा पीलीभीत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- शासन को भेजी गई सर्वे रिपोर्ट अब किसानों को आसानी से मिलेगा योजना का लाभ

**अमृत विचार:** जनपद के 1126 गांवों में शुरू हुए डिजिटल क्रॉप सर्वे में पीलीभीत ने प्रदेश में छठा स्थान हासिल किया है। एग्री स्टैक योजना के अंतर्गत फसलों के रियल टाइम सर्वेक्षण के लिए यह सर्वे सात मई को शुरू किया गया था। अनफसरों का दावा है कि इन गांवों के किसानों को अब आसानी से योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

बता दें, किसानों को खेती से जुड़ी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए खेती से जुड़े सभी प्रकार के आंकड़ों को ऑनलाइन किया जा रहा है। इसी क्रम में सरकार की ओर से फसलों के क्षेत्रफल एवं फसलवार सटीक जानकारी प्राप्त करने के लिए एग्री स्टैक (ई खसरा पड़ताल) योजना शुरू की है। जनपद में रबी सीजन के दौरान जनपद के 1072 गांवों में 3.65 लाख कृषि गाटों की मोबाइल एप के माध्यम से खेतों की ई-पड़ताल की गई थी। इसकी रिपोर्ट शासन को भेजी गई थी। इधर, शासन के निर्देश पर कृषि विभाग की और से जनपद में सात मई से गन्ना समेत जायद फसलों को लेकर डिजिटल क्राप सर्वे शुरू कराया गया था। जिसमें मोबाइल के जरिए गांव में पहुंचकर फसल का फोटो और पूरा ब्योरा विभागीय एप में दर्ज किया। सर्वे के दौरान एप के माध्यम से इन गांवों में फसलों का रकबा, कृषि योग्य भूमि सहित अन्य आंकड़े भी एकत्रित किए गए। अब सर्वे का कार्य पूरा होने के साथ ही प्रदेश में छठा स्थान मिलने से अफसर गदगद दिखाई दे रहे हैं।

> शासन के निर्देश पर गन्ना समेत जायद फसलों के क्षेत्रफल फसलवार सटीक जानकारी प्राप्त करने के लिए जनपद में सात मई से डिजिटल क्राप सर्वे शुरू किया गया था। इसके तहत टीमों द्वारा जनपद के 1126 गांवों का सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया है। – **डॉ. विनोद कुमार यादव**, प्रभारी, उप कृषि निदेशक

### डिजिटल क्रॉप सर्वे का यह होगा लाभ

- फसल के उत्पादन और रकबे से विभाग रहेंगे अपडेट
- फसल क्षति के दौरान किसानों को मिल सकेगा मुआवजा
- मृदा स्वास्थ्य कार्ड को बनाने में ई-पड़ताल के डाटा का होगा उपयोग
- फसल बिक्री के दौरान पंजीकरण के लिए सत्यापन की नहीं आवश्यकता
- फसल उत्पादन के अनुसार खरीद केंद्रों की बन सकेगी योजना

### 1.48 लाख कृषि गाटों का किया गया सर्वे

सर्वे कार्य में कृषि, राजस्व, पंचायत विभाग के 535 कर्मचारियों की अलग-अलग टीमें बनाई गई। सर्वे टीम की निगरानी के लिए 34 सुपरवाइजर और छह वेरिफायर भी लगाए गए। सर्वे टीम ने एग्रीस्टेक मोबाइल एप के माध्यम से गांव-गांव खेतों में जाकर अक्षांश और देशांतर के आधार पर खेत की भौगोलिक स्थिति और फसल की ई पड़ताल की। इधर सर्वे कार्य पूरा हो चुका है। नोडल अधिकारी के मुताबिक जिले के 1126 गांवों के 1,48,438 कृषि गाटों का सर्वे किया गया।

## दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को पीटा, रिपोर्ट

संवाददाता, बीसलपुर

- परिवार परामर्श केंद्र में हुए थे सुलह के प्रयास

**अमृत विचार:** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता से मारपीट की। उसकी जान लेने की कोशिश की गई। मामला परिवार परामर्श केंद्र पहुंचा यहां भी पति और पत्नी में सुलह कराने का काफी प्रयास किया गया, तब भी दोनों लोग राजी नहीं हुए। अब सीओ के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने पति समेत ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सीओ के निर्देश पर दर्ज की गई रिपोर्ट में ईंटगांव की रहने वाली भावना सिंह ने बताया कि उसकी शादी बीसलपुर के मोहल्ला बख्तावरलाल के धीरेंद्र कुमार पुत्र कल्याण सिंह से हुई थी। उसके मुताबिक मायके वालों ने सामर्थ्य के अनुसार शादी में दहेज दिया था। शादी के कुछ समय बाद तक तो सब कुछ ठीक चलता रहा। इसके कुछ समय उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया गया। आरोप है मायके से मिले दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। उससे अतिरिक्त दहेज की मांग की जा रही थी। इसके पूरा न होने पर पति, सास तुलसा देवी, ननद निकिता चौहान, नंदोई भूषण चौहान ने मारपीट की। इतना ही नहीं उसकी जान लेने की कोशिश की गई। परिवार परामर्श केंद्र में भी मामला पहुंचा और सुलह के प्रयास किए गए। मगर ससुरालियों ने बिना दहेज की मांग पूरी हुए रखने से इन्कार कर दिया। कोतवाली पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# तहसीलदार ने कब्जामुक्त कराई दिव्यांग की जमीन

संवाददाता, पूरनपुर

- बीसलपुर क्षेत्र के गांव दियोहना की रहने वाली है दिव्यांग महिला

**अमृत विचार:** एक दिव्यांग महिला की जमीन पर पड़ोसी ने कब्जा कर लिया। विरोध करने पर जमीन छोड़ने के बजाय उसे बिक्री करने का दबाव बनाया। शिकायत पर तहसीलदार ने जमीन कब्जा मुक्त करा दी है। ।

तहसील बीसलपुर क्षेत्र के गांव दियोहना की दिव्यांग महिला गुड्डी देवी की पुरनपुर तहसील के गांव बारी बुझिया में कृषि योग्य जमीन है।

महिला बैनामा कराने के बाद से अपनी जमीन पर काबिज है। दिव्यांग होने से महिला अपनी जमीन की देखरेख नहीं कर पाती। इसका फायदा उठाकर पड़ोसी ने महिला की जमीन जोतकर अपने खेत में मिला ली। जानकारी लगने पर महिला मौके पर पहुंची और जमीन छोड़ने को कहा। आरोप है जमीन छोड़ने से मना करते हुए आरोपी ने बिक्री करने का दबाव बनाया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला ने सोमवार को मामले की शिकायत तहसीलदार वीरेंद्र कुमार से की। तहसीलदार ने शिकायत को गंभीरता से लिया और टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। मंगलवार को पैमाईश कराने के बाद दिव्यांग की जमीन कब्जा मुक्त कराई गई है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑप्रेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

# चरमरा गई बिजली व्यवस्था, हर दिन घंटों सप्लाई रहती है ठप

## मंगलवार को उमस भरी गर्मी के बीच दोपहर में हुई बूंदाबांदी ने बदला मौसम का मिजाज पर बिजली ने खूब रुलाया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- तेज हवा चलने से मिली कुछ राहत, आज भी बारिश के आसार
- तराई में मंगलवार को बदलता रहा बदलता मौसम का मिजाज

**अमृत विचार:** तराई के तलहटी में बसे पीलीभीत में मंगलवार को भी मौसम का मिजाज दिनभर बदलता रहा। सुबह से ही तेज धूप खिली रही और उमस भरी गर्मी लोगों को बेहाल करती रही। दोपहर में अचानक काले बादल छा गए। तेज हवा चलने और हल्की बूंदाबांदी ने मौसम बदल दिया।

जिससे गर्मी में परेशान लोगों को कुछ राहत मिल सकी। लेकिन, बिजली का हाल और दिनों की तरह बेहाल रहा। इधर, कहा जा रहा है कि मौसम में दबलाव के बाद भी फॉल्ट और ट्रांसफार्मर फुंकने की घटना कम नहीं हो रही हैं। जिसके चलते बिजली कटौती को लेकर समस्या बनी है। हालांकि बिजली कर्मचारी लगातार व्यवस्था सुधारने के लिए लगे हैं। सोमवार सुबह कुछ देर के लिए हल्की बूंदाबांदी हुई थी। इसके बाद मौसम साफ हो गया था। मंगलवार सुबह जब लोगों की आंख खुली तो उनका स्वागत चिलचिलाती धूप से हुआ।



ट्रांसफार्मर में केबल जोड़ते कर्मचारी। • अमृत विचार



केबल ठीक करते कर्मचारी। • अमृत विचार

सुबह से ही उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान कर गई। कामकाज के लिए घरों से निकलना भी दूभर हो रहा था। आलम ये था कि कूलर और पंखे भी गर्मी हवा फेंक रहे थे। चंद मिनटमें धूप में खड़े होना ही मुश्किल था। गर्मी से बेहाल लोगो को दोपहर बाद कुछ राहत मिल गई।

दो बजे के बाद मौसम में परिवर्तन शुरू हो गया। काले बादल छा गए। हालांकि कुछ देर उमस बनी रही। तीन बजे के बाद तेज हवा चलना शुरू हो गई। शाम चार बजे के आसपास हल्की बूंदाबांदी भी रूक-रूककर हुई। जिससे कुछ राहत जरूर मिल गई। कृषि विशेषज्ञ डा.एसएस ढाका ने बताया कि बुधवार से बारिश के आसार है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### तड़के ही चली गई बिजली, घंटों परेशान हुए उपभोक्ता

एक तरफ मौसम की मार से पीलीभीत के लोग परेशान हैं। वहीं, बिजली कटौती कम होने का नाम नहीं ले रही है। मंगलवार को भी कई इलाकों में गर्मी के बीच सुबह से ही बत्ती गुल रही। कहीं फाल्ट के नाम पर व्यवस्था लड़खड़ाई रही तो कहीं सुधार कार्य के नाम पर घंटों सप्लाई बंद रही। लाल रोड, मोहल्ला आसफजान, केसरी सिंह, डोरीलाल, मोहतसिम खां, खुशीमल, मुख्य बाजार, साहूकारा, मदीनाशाह समेत आसपास के इलाकों में सुबह करीब दस बजे बिजली गुल हो गई जोकि तीन बजे के बाद चालू हो सकी। उसके बाद भी बिजली की आंख मिचौली और लो वोल्टेज की समस्या घेरे रही। जिससे उपभोक्ता परेशान हुए। गैर चौराहा पर भी ट्रांसफार्मर में खराबी रही। जबकि स्टोर सेंटर सब स्टेशन पर भी फाल्ट के चलते व्यवस्था लड़खड़ाई रही।

### शीतल पेय पदार्थों से राहत पाते दिखे लोग

मंगलवार को शहर के बाजार की साप्ताहिक बंदी रहती है। ऐसे में चहलकदमी बाजार में अन्य दिनों की अपेक्षा कम ही होती है। कामकाज को घर से निकलने वालों का या फिर साप्ताहिक बाजार में खरीदारी को पहुंचने वालों की आवाजाही होती है। गर्मी के बीच लोग राहत पाने के लिए चेहरे पर अंगोछा या अन्य कपड़ा लगाकर निकले। उसके बाद सड़क किनारे लगे शीतल पेय पदार्थों के ठेलों पर भीड़ रही। इन्हीं के सहारे लोग राहत पाते नजर आए।

# कोलकाता के युवक की माधोटांडा में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पिछले काफी समय से पीलीभीत में मजदूरी करता था हरि

**अमृत विचार :** कई साल पहले कोलकाता से आकर धुरिया पलिया क्षेत्र में मजदूरी कर रहे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव धुरिया पलिया से पचपेड़ा जाने वाले मार्ग के किनारे पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

माधोटांडा क्षेत्र के गांव धुरिया पलिया के रहने वाले बिट्टू ने बताया कि करीब आठ साल पूर्व कोलकाता का रहने वाला हरि (35) धुरिया पलिया इलाके में आया था। इसके बाद से यही रहकर मजदूरी करता था। क्षेत्र के अधिकांश लोग उसे जानने लगे थे। क्षेत्र के ही लोगों के यहां रुकता था। पिछले कुछ समय से वह शराब का अधिक सेवन करने लगा था। वह गांव में ही एक स्कूल के बाहर कमरे में रुकने लगा था। सोमवार शाम को वह चूका बाजार से सब्जी खरीदने के लिए गया था। मगर वापस नहीं आया। मंगलवार सुबह उसका शव धुरिया पलिया से पचपेड़ा जाने वाले मार्ग के किनारे पड़ा मिला। जेब में शराब का पौवा भी मिला। जानकारी के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पुलिस भी आ गई। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतक के परिवार को सूचना दे दी गई है। बताते हैं कि परिवार वालों ने आने से ही इनकार कर दिया। जिसके बाद पर बिट्टू के परिवार वालों ने मंगलवार को अंतिम संस्कार कर दिया। एसओ अचल कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हो सकेगी। किसी तरह का आरोप नहीं लगाया गया है।

# युवती को बहला फुसलाकर ले जाने वाला गिरफ्तार

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** एक सप्ताह पूर्व बहला फुसलाकर ले जाई गई युवती के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद मंगलवार शाम उसे जेल भेज दिया है।

सब इंस्पेक्टर किशोर कुमार ने बताया कि क्षेत्र के एक ग्रामीण ने 21 जून को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उसने बताया था कि उसकी 19 वर्षीय पुत्री को गांव का रहने वाला टिंकू भगा ले गया। युवती अपने साथ जेवर और दो लाख रुपये भी ले गई है। उसकी दोनों पुत्रियो की शादी तय हो चुकी है। नौ जुलाई को दोनों बहनों की शादी एक ही मंडप पर होनी है। आरोपी टिंकू पहले से शादीशुदा व बच्चे का पिता भी है। 22 जून को युवती को बरामद कर लिया था। मंगलवार सुबह गाजीपुर कुंडा तिराहे से आरोपी टिंकू को गिरफ्तार कर लिया था।

# दावत में गोमांस परोसे जाने का पता चलने पर मचा हड़कंप...पुलिस दौड़ी

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** कस्बे के एक मोहल्ले में वलीमे की दावत में गोमांस बनवाए जाने की शिकायत पुलिस से की गई। राष्ट्रीय योगी सेना के जिलाध्यक्ष की ओर से दी गई तहरीर पर पुलिस ने पशुपालन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की। बनवाए जा रहे मांस का सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिया गया है।



जांच करने के लिए पहुंची पुलिस। • अमृत विचार

राष्ट्रीय योगी सेना के जिलाध्यक्ष सुमित कुमार शर्मा ने मंगलवार को पुलिस से शिकायत की। जिसमें बताया कि मोहल्ला इस्लामनगर के एक व्यक्ति के घर सोमवार को वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हुआ था। मंगलवार को वलीमे की दावत रखी गई है। पता चला है कि उसमें गोमांस बनवाया जा रहा है। इस मामले में जांच कर कार्रवाई की मांग की गई। वलीमे की दावत में गोमांस बनवाए जाने से जुड़ी सूचना मिलने पर पुलिस भी दंग रह गई।

जिसके बाद पुलिस ने आनन-फानन में बताए गए स्थान पर छापा मारा। उस वक्त खाना बन रहा था। पशु चिकित्साधिकारी जगदेव सिंह को भी टीम के साथ बुला लिया गया। जिसके बाद चेक किया गया तो मांस बनता मिला। मगर ये मांस किसका है, इसे लेकर स्थिति स्पष्ट करने के लिए टीम ने बनवाए जा रहे मांस का सैंपल लिया।द्ध जिसे जांच के लिए भेजा जाएगा। इसकी रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।पुलिस और पशुपालन विभाग की छापामार कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा।

# कंक्रीट में मिट्टी डालने का वीडियो वायरल

संवाददाता, पूरनपुर

- जानकारी लगने पर विभाग ने शुरू कराई जांच पड़ताल
- जल जीवन मिशन के तहत बनाई जा रही है पानी की टंकी

**अमृत विचार:** गांव में पानी की टंकी बनाए जाने के दौरान कंक्रीट में मिट्टी डालने का वीडियो वायरल होने से खलबली मच गई है। विभाग ने मामले की जांच पड़ताल शुरू करा दी है। सही से जांच पड़ताल होने पर गाज गिरना तय माना जा रहा है।

बता दें कि इन दिनों गांवों में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी बनाए जाने का काम चल रहा है। सोशल मीडिया पर मंगलवार को एक वीडियो वायरल हुआ।इसमें टंकी निर्माण के लिए बनाए जा रहे कंक्रीट के मिक्सर में मजदूर मिट्टी मिलाते हुए नजर आ रहे हैं। मजदूर मिट्टी के ढेर से परातों में भरकर चल रहे मिक्सर में मिट्टी भरकर डाल रहे हैं। उसी मिक्सर में टंकी निर्माण के लिए कंक्रीट तैयार किया जा रहा है। वायरल हो रहा वीडियो रघुनाथपुर गांव का बताया जा रहा है। मिट्टी मिलने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विभाग में खलबली मच गई।



वायरल वीडियो से लिया गया स्क्रीन शॉट।

> ठेकेदार ने गांव की लेबर हायर की थी। लेबर के बीच विवाद चल रहा है।इसको लेकर साजिशन मिट्टी डाली गई है।इसकी जांच कराई जा रही है।
> –**मनीष गंगवार**, एक्सईएन जल जीवन मिशन ग्रामीण

जांच करने के लिए टीम रघुनाथपुर गांव पहुंची और मजदूरों से इस बाबत पूछताछ की। माना जा रहा है जांच पड़ताल सही तरीके से की गई तो कार्रवाई निश्चित है। फिलहाल टंकी निर्माण के लिए तैयार किए जा रहे कंक्रीट में मिट्टी डालने का वीडियो वायरल होने के बाद कई तरह की चर्चा हो रही है।

# तेज वाहन चलाने से मना करने पर युवक की लगा दी पिटाई

**पीलीभीत, अमृत विचार :** तेज वाहन चलाने से मना करने पर युवक की पिटाई कर दी गई। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बेनी चौधरी की माहिरा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 22 जून की सुबह मोहल्ला फारुख का रेहान उसके घर से सामने से रेत से भरा लोडर अनियंत्रित गति से निकाल रहा था। आरोप है कि मार्ग पर बच्चों के खेलने का हवाला देकर पति अकबर ने धीमी गति से वाहन ले जाने की बात कही। इस पर आरोपी रेहान ने अपने साथियों हनीफ और जाकिर संग मिलकर पति की पिटाई कर दी। घर में घुसकर हमला किया गया। पुलिस ने तीन के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

# शिकायत करने पर ग्रामीण को पड़ोसी ने पीटा, रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार :** आंधी में खेत की मेड़ पर लगा यूकेलिप्टिस का पेड़ गिरने से झोपड़ी क्षतिग्रस्त होने की शिकायत करने पर एक ग्रामीण की पिटाई कर दी गई। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम खिरकिया के कृष्ण बहादुर ने बताया 10 वर्ष पूर्व उसने अपनी बुनियाद के पास दो यूकेलिप्टस के पेड़ लगाए थे।

इन पेड़ों पर पड़ोसी रमेश चंद्र ने कब्जा कर लिया। पेड़ अब काफी बड़े और मोटे हो गए। जिससे उसकी दीवार की नींव उखड़ रही है। कई बार कहने के बाद भी पेड़ों को नहीं हटवाया। दो दिन पूर्व आई आंधी में पेड़ गिरने से झोपड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। उसमें रखा सामान खराब हो गया। इसकी शिकायत की तो आरोपी ने गाली गलौज करते हुए हमला कर दिया। शोर सुनकर लोग जमा हुए तो जान से मारने कीधमकी देकर भाग गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# आपातकाल भारत के इतिहास में सबसे बड़ा काला अध्याय: संजीव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पूरनपुर रोड पर स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संजीव सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को आपातकाल काला दिवस मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि जिला प्रभारी गुलशन आनन्द और जिला संयोजक जिला उपाध्यक्ष तुलाराम लोधी कार्यक्रम संयोजक रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके की गई। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानियों को भी बुलाया गया था। जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी ने लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानपूर्वक शॉल ओढ़ाकर और माला पहनाकर सम्मानित किया। इसके बाद संगोष्ठी हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष ने कहा कि 1975 में आज ही के दिन कांग्रेस ने सत्ता के स्वार्थ व अंहकार में देश पर आपातकाल थोपकर विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की हत्या कर दी थी।




भाजपा पदाधिकारियों संग सम्मानित किए गए लोकतंत्र सेनानी। • अमृत विचार

- भाजपा कार्यालय पर मनाया आपातकाल काला दिवस, लोकतंत्र सेनानी हुए सम्मानित

असंख्य सत्याग्रहियों को रातों रात जेल की कालकोठरी में कैदकर प्रेस पर ताले जड़ दिए थे। नागरिकों के मौलिक अधिकार छीनकर संसद व न्यायालय को मूकदर्शक बना दिया था। गुलशन आनंद ने कहा कि अहंकार में डूबी, निरंकुश कांग्रेस सरकार ने एक परिवार के सत्ता सुख के लिए 21 महीनों तक देश में सभी प्रकार के नागरिक अधिकार निलंबित कर दिए थे।

उन्होंने मीडिया पर सेंसरशिप लगा दी थी, संविधान में बदलाव किए और न्यायालय तक के हाथ बांध दिए थे। आपातकाल के खिलाफ संसद से सड़क तक आंदोलन करने वाले असंख्य सत्याग्रहियों, समाजसेवियों, श्रमिकों, किसानों, युवाओं व महिलाओं के संघर्ष को नमन करता हूं। सुधीर चंद्र मिश्रा, रामबहादुर सिंह, सालिक राम, वालिक राम, बांके लाल, नंदलाल, अबदुल राशिद, गोविंद राम सक्सेना, बहोरन लाल मिश्रा, कैलाश चंद्र मिश्रा, अरुण बाजपेई आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### एसएसबी ने लगवाया स्वास्थ्य कैंप



**पीलीभीत।** नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत 49 वीं वाहिनी एसएसबी ने मंगलवार को कंबोज नगर और टाटरगंज में ग्रामीणों के बीच मेडिकल सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां असहाय लोगों को प्राथमिक उपचार दिया। जहां टाटरगंज गांव में पीएचसी के डॉ. उदयभान मौर्या ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें दवा उपलब्ध कराई। इसके अलावा कई मरीजों की जांच भी की गई। इसमें कुल 25 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस कैंप में बी समवाय कमांडर अच्छर सिंह और अन्य एसएसबी कर्मी मौजूद रहे। इधर, कंबोज नगर में पशु चिकित्सा नागरिक कल्याण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जहां कुल 17 पशुपालक के 110 पशुओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। वह दूध दे रहे हैं या नहीं। साथ ही कौन सी बीमारी से ग्रसित है। उसका इलाज करते हुए दवा उपलब्ध कराई गई। जिसमें डॉ.शालिनी परिहार मौजूद रही।

### चेकअप कर मरीजों को दी दवा



**पीलीभीत।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की ओर से इन दिनों सेवा सप्ताह चलाया जा रहा है। मंगलवार को नर सेवा नारायण सेवा के तहत एक चिकित्सा शिविर श्रीराधा माधव मंदिर धर्मशाला में लगाया गया। इसमें डॉ. दिनेश कुमार, डॉ.माला शर्मा, डॉ. राजीव गंगवार ने मरीजों का चेकअप कर दवा दी। इस मौके पर जगदीश सक्सेना, प्रिंस गौड़, राजेंद्र गुप्ता, गौरव शर्मा, अजय आदि मौजूद रहे।

### श्रमजीवी के अमरिया के अध्यक्ष बने आरिफ

**अमरिया।** श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बैठक कस्बे में एक स्थान पर हुई। जिसमें अमरिया इकाई का गठन किया गया। सर्वसहमति से मोहम्मद आरिफ को अमरिया का अध्यक्ष बनाया गया। जबकि महेंद्र गंगवार महामंत्री, वरिष्ट उपाध्यक्ष मोहम्मद समीर, उपाध्यक्ष सुमिता गुप्ता, सुरजीत सिंह, कोषाध्यक्ष नन्हेलाल, संगठन मंत्री फिरोज खान, संयुक्त मंत्री बुद्धसेन बनाए गए। नवागत पदाधिकारियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष हरिपाल सिंह, सौरभ दीक्षित, विक्रांत शर्मा, मुकुल शर्मा, असलम जावेद अंसारी, अवसार अहमद, राशिद अंसारी, नसीम मालिक, सदर सैफी मौजूद रहे।

### रंजिश में युवक को पीटा

**बीसलपुर।** नमाज पढ़कर घर लौट रहे युवक की पुरानी रंजिश में पिटाई कर दी गई। लोहे की रॉड से वार कर उसे लहूलुहान कर दिया गया। घायल का मेडिकल परीक्षण कराकर पुलिस जांच कर रही है।

### डीएम और मुख्यमंत्री से की शिकायत

**पीलीभीत।** सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के गांव रंपुरिया सिरसा के गंगाराम ने बताया कि वह 13 जून 2024 को कचहरी से गांव लौट रहा था। आरोप है कि बक्सपुर गांव के नजदीक पहुंचते ही पहले से मौजूद जहानाबाद क्षेत्र के आलमडांडी गांव निवासी खेमपाल और डोरीलाल ने गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट कर दी। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# बच्चों के लिए पार्क तो युवाओं को मिलेगा ओपन जिम

## शहर में दस स्थानों पर पार्क और ओपन जिम बनाने के लिए नगर पालिका ने शुरू की जगह की तलाश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- चेयरमैन का दावा, पालिका की खाली जगहों और मोहल्लों में होगा संचालन



नगरपालिका कार्यालय का भवन।

**अमृत विचार :** शहरवासियों को चुस्त और फिट रखने के लिए नगरपालिका ने कार्ययोजना तैयार की है। जिसके तहत शहर में दस प्रमुख मोहल्ले और सार्वजनिक स्थानों पर पार्क के साथ युवाओं के लिए ओपन जिम बनाया जाएगा। प्रस्ताव तैयार होने पर पालिका की ओर से जगह चिन्हित कराई जा रही है। हालांकि अभी तक जगह नहीं मिल सकी है। माना जा रहा है कि ओपन जिम और पार्क बनने के बाद शहर के बच्चों को उनके ही मोहल्ले और पड़ोस में खेलने का स्थान मिल सकेगा। जबकि बुजुर्गों को योग और व्यायाम करने के लिए पर्याप्त स्थान मिल सकेगा।

ढाई लाख की आबादी वाले शहर में कुल 27 वार्ड हैं। जहां करीब 59 मोहल्ले और 21 कॉलोनी हैं। पांच किलोमीटर के दायरे में बसे इस शहर में बच्चों के खेलने के लिए पार्क की संख्या बेहद सीमित है। शहर में कुल चार पार्क संचालित हो रहे हैं। जिनमें नेहरु पार्क, एकता सरोवर पार्क, बल्लभनगर कॉलोनी पार्क और राजघाट पार्क शामिल है। इसमें राजघाट पार्क खुद ही जिम्मेदारों की अनदेखी का शिकार हो गया। वर्तमान में वहां ताले लटक रहे हैं। सिर्फ एकता सरोवर और नेहरु पार्क ही संचालित हो रहा है। जहां टिकट देय होता है।

दूरी और टिकट की वजह से बच्चे और लोगों यहां तक नहीं पहुंच पाते हैं। इन पार्क के अलावा शहर के किसी भी मोहल्ले में बच्चों के खेलने के लिए कोई साधन नहीं है। इस समस्या को देखते हुए नगरपालिका चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल ने शहर में दस स्थानों पर ओपन जिम और पार्क बनवाने का निर्णय लिया है। जहां शहरवासियों को मनोरंजन और सेहत सुधारने के लिए उपकरण लगाए जाएंगे। जिससे ओपन जिम का नाम दिया जाएगा। यहां शहरवासियों को रुपये खर्च करने की जरुरत नहीं पड़ेगी। अब लोगों को घर से कुछ दूरी ही उन्हें टहलने के लिए पार्क और सेहत बनाने के लिए जिम मिल सकेगी।

इसके लिए जगह चिन्हित की जा रही है। यह पार्क उन स्थानों पर बनाए गए जाएंगे यहां से एक पार्क करीब पांच से सात मोहल्लों को कवर कर सके। इन पार्क को नगरपालिका की जमीन पर बनाया जाएगा। जिन स्थानों पर कब्जे हैं, वहां जगह खाली कराई जाएगी। जगह चिन्हित होने के बाद इस प्रोजेक्ट का एस्टीमेट बनाया जा रहा है। ताकि जल्द से जल्द काम शुरु कराया जा सके।

### जर्जर शौचालय के स्थान पर सार्वजनिक पैलेस बनाने का प्रस्ताव

दशकों पहले कई स्थानों पर सार्वजनिक शौचालय बनाए गए थे। जिनका प्रयोग वर्तमान समय में नहीं रह गया है। जिस वजह से वह कंडम हो चुके हैं। ऐसे शहर के तीन शौचालयों को चिन्हित किया गया है। जिसमें मोहल्ला डालचंद की वाल्मीकि बस्ती में बना सार्वजनिक शौचालय, वार्ड नंबर छह के मोहल्ला सुनगढ़ी और थान सिंह के पीछे बने शौचालयों को चिन्हित किया गया है। जहां मिनी बरातघर बनाने का निर्णय लिया जा रहा है। जिसका प्रस्ताव बनाकर तैयार किया जा रहा है। आगामी बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव को रखा जाएगा। अगर बोर्ड प्रस्ताव को पास करता है, तो उसे शासन को भेजा जाएगा।

### ओपन जिम में लगेंगे उपकरण

नगरपालिका की ओर से बनवाए जाने वाले ओपन जिम में बाइसकिल, वर्टिकल क्लाइंब, बीम जंप, सिट अप बेंच, पुल अप बार, चिन अप बार और डिप लेग रेज आदि उपकरण लगाए जाने की प्लानिंग की गई है। वहीं पार्क में बच्चों के खेलने के लिए झूले, स्लाइडिंग झूला और फुब्बार और पेड़ पौधों से सुसज्जित किया जाएगा। अब धरातल पर कितने उपकरण लगेंगे और कितनी जल्दी यह मुहिम रंग लाएंगी। इसके बारे में एस्टीमेट बनने पर ही पता चल सके।

शहर को सुसज्जित बनाने के लिए नगरपालिका की ओर से पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। ताकि शहरवासियों को सुविधा दे सकें। बच्चों के खेलने के लिए पार्क और ओपन जिम बनाने का प्रस्ताव बनाया गया है। जिसके लिए अब जगह चिन्हित की जा रही है। जगह मिलने के बाद इन पर काम शुरु कराने का निर्णय लिया जाएगा।
– डॉ. आस्था अग्रवाल, चेयरमैन नगरपालिका

# प्लाटिंग के लिए डलवाई गई मिट्टी पर फिर कराया पौधारोपण

संवाददाता, पूरनपुर

- वन विभाग ने व्यापारी के अरमानों पर फेरा पानी,
- दुकानों की बिक्री के लिए की जा रही थी प्लाटिंग की तैयारी


इसी स्थान पर चल रही थी प्लाटिंग की तैयारी।

**अमृत विचारः** पूरनपुर खुटार मार्ग पर मोहनपुर जपती के पास एक व्यापारी ने खेती योग्य जमीन खरीद कर उसे पर व्यावसायिक दुकानों के लिए प्लाटिंग की तैयारी कर दी। इसके लिए रातों-रात खेत से लेकर हाइवे तक सैकड़ों ट्राली मिट्टी डलवाई गई। इस दौरान वन विभाग की ओर से सड़क किनारे लगे दर्जनों पौधे भी मिट्टी डालकर नष्ट कर दिए गए।

सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने दो दिन पहले सर्वे किया। इस दौरान करीब 40 पौधे नष्ट करने की बात सामने आई। वन विभाग की ओर से पौधे नष्ट करने वाले व्यापारी के खिलाफ केस दर्ज किया जा चुका है। इसके अलावा वन विभाग ने मिट्टी डाले जाने के स्थान पर फिर से पौधारोपण करा दिया। इस दौरान गड्ढे खुदवाकर करीब 50 पौधे दो लाइनों में लगवाए गए हैं। मिट्टी डालने से पहले झाड़ झांकड को नष्ट करा दिया गया। अब नष्ट किए गए पौधों से भी अधिक पौधे लगा दिए गए हैं। बता दें कि जिस स्थान पर पौधे लगाए गए हैं। वहां से सड़क पर चढ़ने के लिए पौधे अड़चन बनेंगे जिससे अब प्लाटिंग का सपना अधूरा रह गया। रेंजर पियूष मोहन ने बताया कि लगभग 50 पौधे लगवाए गए हैं। व्यापारी के खिलाफ पहले ही केस दर्ज किया जा चुका है। सुनवाई के बाद जुर्माना वसूला जाएगा।

## एक नजर

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत, शिनाख्त नहीं

**शाहजहांपुर।** जीआरपी थाना प्रभारी रेहान खां ने बताया कि मंगलवार की रात आठ बजे स्पेशल ट्रेन बरेली से लखनऊ की ओर जा रही थी। रोडवेज रेलवे फाटक तथा स्टेशन के बीच डाउन लाइन पर एक युवक की चलती ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। मृतक की उम्र 32 साल है। उसके पास रेल टिकट तथा आधार कार्ड नहीं मिला है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने अज्ञात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### युवती को गुजरात ले जाने का आरोप

**पीलीभीत।** कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 20 वर्षीय पुत्री बचपन से ही मानसिक मंदित हैं। करीब 25 दिन पूर्व पुत्री घर से चली गई। इसके बाद से परिजन उसकी तलाश कर रहे हैं। आरोप है कि मोहल्ले की ही तीन महिलाएं उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर गुजरात ले गई हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मंडल में दूसरा विकास प्राधिकरण होगा शाहजहांपुर

**शाहजहांपुर।** जिला प्रशासन की ओर से विकास प्राधिकरण भवन निर्माण के लिए जगह तलाशने की कार्यवाही शुरू कर दी जाएगी। डीएम ने बैठक कर अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए, क्योंकि प्राधिकरण का एक अलग ही भवन होगा। अधिकारी होंगे, जिसमें दस पंद्रह इंजीनियर, एक्सईन, जेई आदि तैनात किए जाएंगे। बरेली के बाद मंडल में शाहजहांपुर दूसरा प्राधिकरण होगा। सीएम के निर्देश प्राप्त होने के बाद डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में महायोजना 2031 समीक्षा बैठक हुई। बैठक में पूर्व शासन को प्रेषित वर्ष 2031की महायोजना में प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण एवं विचार विमर्श किया गया।

### झाड़ी में मिला पंद्रह दिन से लापता किसान का शव

**बदायूं।** बरेली–मथुरा राजमार्ग स्थित करूआ पुल के पास 15 दिनों से लापता किसान का कंकाल मिला। जिसकी शिनाख्त थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव गुलाबगंज गनियाई निवासी राम किशन के रूप में हुई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस को किसान के कपड़ों की जेब से विषाख्त पदार्थ के पाउच मिले। पुलिस ने कंकाल पोस्टमार्टम के लिए भेजा। किसान की पत्नी ने गांव के तीन लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया लेकिन तहरीर नहीं दी है।

### छत से गिरे युवक की मौत

**मिर्जापुर।** थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर कायस्थान निवासी महावीर(30) सोमवार की रात छत पर सो रहा था। रात साढ़े 11 बजे वह लघुशंका के लिए उठा और उसका पैर जीने की सीढ़ियों पर न पड़कर साइड में पड़ गया, जिससे वह छत से नीचे गली में गिर गया। शोर सुनकर परिवार वाले जाग गए और देखा कि गली में घायल अवस्था में पड़ा है। परिवार वाले घायल महावीर को मेडिकल कॉलेज लेकर आए। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसकी पत्नी का नाम विशुना देवी है और चार बच्चे है। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### बिठौरा के स्कूल में चोरी

**बिठौराकलां।** एक बार फिर शिक्षा के मंदिर को चोरों ने निशाना बनाया। उच्च प्राथमिक विद्यालय बिठौराकलां में सोमवार रात चोर घुस गए। इसके बाद ताले तोड़कर कमरों में पहुंचे और सामान खंगालना शुरू कर दिया। यहां से चोर काफी सामान चोरी कर ले गए। मंगलवार सुबह घटना की जानकारी मिलने से हड़कंप मचा रहा।

# नोडल शिक्षकों को दी गई संचारी रोग जागरुकता अभियान की कमान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


संचारी रोग के प्रति नोडल शिक्षकों को जागरूक करते एआरपी। • अमृत विचार

- जिले में एक से 31 जुलाई तक चलेगा अभियान

**अमृत विचार :** एक जुलाई से शुरु हो रहे संचारी रोग नियंत्रण माह में समाज को जागरूक करने का जिम्मेदारी बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक निभाएंगे। नोडल अध्यापकों को इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

मंगलवार को बीआरसी बरखेड़ा पर हुई नोडल अध्यापकों की बैठक में सीएचसी से आए चिकित्सक ने अध्यापकों को दिमागी बुखार, बैक्टीरिया जनित रोग आदि के बारे में जागरूक करते हुए बचाव संबंधी जानकारी दी। बताया शुद्ध जल का उपयोग किया जाए। हो सके तो जल को उबालकर प्रयोग में लाएं। अपने आसपास समुचित साफ-सफाई रखें और नियमित साबुन से हाथ धोएं। कहा कि दिमागी अथवा कोई भी बुखार जानलेवा हो सकता है।

एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) विनय पांडेय ने कहा कि संचारी रोगों से बचाव के लिए समाज के लोगों का जागरूक होना जरूरी है। इसके लिए विद्यालय स्तर पर पोस्टर प्रतियोगिता, बाल प्रतियोगिता, निबंध, लेखन वगैरह के माध्यम से छात्रों व अभिभावकों को संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूक करने की नोडल शिक्षकों की भूमिका है। एआरपी मोहम्मद असलम ने पर्यावरण स्वच्छता और व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि एक से 31 जुलाई तक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

## लूट के मामले में फरार शातिर गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अल्हागंज पुलिस ने लूट के मामले में फरार चल रहे हरदोई के एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। उससे लूटी गई नगदी, मोबाइल व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है।

एसओ ओमप्रकाश ने बताया 23 जून की शाम सात बजे गांव कोयला में शराब भट्टी के सामने बाइक सवार दो बदमाशों ने एक व्यक्ति से रुपये और मोबाइल छीन लिया था, जिसका मुकदमा दर्ज है। पुलिस बदमाशों की तलाश में लगी हुई थी। पुलिस को मंगलवार की सुबह पांच बजे सूचना मिली कि गांव साईपुर के सामने मंदिर के पास दो बदमाश बाइक लिए खड़े है और लूट की योजना बना रहे है। पुलिस ने एक बदमाश को पकड़ लिया और उसका साथी भाग गया। पकड़ा गया बदमाश प्रियांशु निवासी घसा थाना पचदेवरा जिला हरदोई है। पुलिस ने लूटे गए तीन सौ रुपये तथा मोबाइल और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है।

# लेनदेन के विवाद में युवक ने दोस्त को गोली मारी, आरोपी पुलिस हिरासत में

संवाददाता, सिंधौली



- सिंधौली की घटना, घायल अस्पताल में भर्ती
- मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा आरोपी

**अमृत विचार :** लेनदेन के विवाद में युवक ने दोस्त को तमंचे से गोली मारकर घायल कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया।

गांव कोरोंकुइयां निवासी इमरान(17) और वसीम के बीच दोस्ती थी। मंगलवार की दोपहर रुपये के लेन-देन को लेकर दोनों में विवाद होने लगा। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने दोनों को समझा-बुझाकर शांत करा दिया। कुछ देर बाद जब इमरान अपने घर से निकलकर किसी कार्य से जा रहा था। उसी समय सामने से आए वसीम ने इमरान के ऊपर 315 बोर तमंचे से फायर कर दिया। गोली लगने से इमरान लहूलुहान होकर मौके पर गिर पड़ा। ग्रामीणों ने घायल को आनन-फानन में उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। वहीं मौके पर मौजूद किसी ग्रामीण ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

जिसके बाद कोतवाली से पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। ग्रामीणों के अनुसार वसीम पिछले काफी समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहा था। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र गुप्ता ने बताया कि घायल को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना की जांच की जा रही है।

### भाजपा नेता को जान से मारने की धमकी

**शाहजहांपुर।** कलान थाना क्षेत्र के गांव पिडारा उत्तर निवासी राजकुमार सिंह ने बताया कि वह दिव्यांग है। वह भारतीय जनता पार्टी का कलान मण्डल का उपाध्यक्ष है। उसके गांव के राजेश आदि ने 17 जून को जान से मारने की बनाई गई। इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग उसके पास है। आरोपी उसे कई बार जान से मारने की धमकी दे चुके है। पुलिस ने आरोपी राजेश, राकेश, जयवीर, मुनेद्र के खिलाफ जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# संदिग्ध हालात में नवविवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

संवाददाता, कुर्रिया कलां

- भाई बोला- दहेज के लिए उसकी बहन को मार डाला
- छह दिन पहले बच्चे को विवाहिता ने दिया था जन्म

**अमृत विचार :** थाना कांट क्षेत्र के ग्राम बरनावा निवासी नवविवाहिता की मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी मायके वालों को दी गई, तो वह पहुंचे और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मृतका के भाई ने दहेज की खातिर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है।

थाना बंडा के गांव भगवंतपुर फत्तेपुर उर्फ उबरिया निवासी अयूब पुत्र अजमतुल्ला ने तहरीर देते हुए बताया कि उसने अपनी बहन की शादी एक साल पहले थाना कांट के गांव बरनामा के नवी हसन पुत्र ननकू के साथ की थी। पड़ोसियों की सूचना पर बहन की ससुराल पहुंचा तो बहन वहां मृत मिली। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। पुलिस को दी तहरीर में उसने बताया कि उसने बहन की शादी में हैसियत के हिसाब से दहेज दिया लेकिन ससुराल वाले दहेज की मांग करते रहे और उसे प्रताड़ित करते रहे।

शादी के बाद से ही आए दिन उसे मारा-पीटा करते थे। बहन ने कई बार शिकायत की तो ससुरालियो को समझाया गया। कई बार समझौते भी हुए लेकिन उन लोगों पर कोई असर नहीं हुआ। पीड़ित ने बताया कि छह दिन पहले बहन ने एक बच्चे को जन्म दिया था। आरोप लगाया कि 25 जून को दोपहर 12 बजे बहन को मार दिया। वहीं प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर सिंह ने बताया मामले का जांच करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## वाहन बचाने में अनियंत्रित डीसीएम सड़क किनारे पलटी

**खुटार, अमृत विचार :** खुटार गोला रोड पर वाहन बचाने के फेर में सोमवार रात डीसीएम सड़क किनारे पलट गई। हादसे में पीलीभीत के थाना अमरिया क्षेत्र के चालक सोनपाल, हेल्पर दिलेंद्र पाल बाल-बाल बच गए।

चालक सोनपाल ने बताया कि झारखंड के जमशेदपुर टाटा कंपनी से एक्सल लेकर डीसीएम से उत्तराखंड के जनपद उधमसिंह नगर के शहर रुद्रपुर जा रहा था। सोमवार रात करीब 10:30 बजे गोला रोड पर स्थित ठेका देसी शराब के पास सामने से आ रहे वाहन को बचाने में डीसीएम अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई और हादसा हो गया, लेकिन उसकी और साथी की जान बच गई। जबकि मामूली चोटिल हो गए। इस मामले की सूचना कंपनी के अधिकारियों को दे दी गई है। दूसरे वाहन में लोड करके एक्सल भेज दिया गया है।

# ऑनलाइन होगी पशु गणना कर्मचारियों को मिलेगा प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद पशुपालन विभाग ने 21 वीं पशु गणना की तैयारी शुरू कर दी है। विभाग वर्ष 2019 के आंकड़ों के अनुसार गणना के लिए टीमें बनाने की तैयारी कर रहा है। हालांकि पशुपालन विभाग द्वारा पशु गणना के लिए तिथि घोषित नहीं की है। सितंबर से पशु गणना शुरू होगी। पशुधन गणना की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन मोबाइल एप के माध्यम से कराई जाएगी। पशुगणना से पूर्व कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मोहर सिंह ने बताया कि जिले में वर्ष 2019 में 20वीं पशुगणना हुई थी। अब 2024 में 21वीं पशुगणना होनी है। इस बार पशुपालन और डेयरी विभाग मोबाइल तकनीक का उपयोग करके पशुधन गणना करेंगे। इससे पशुओं का डाटा ऑनलाइन करने में मदद मिलेगी। बताया कि 2019 में हुई पशु गणना के हिसाब से जिले में गाय, भैंस व बकरियों सहित कुल पशुओं की संख्या 13 लाख 86 हजार, 950 है। 21वीं पशुगणना के लिए पशुपालन विभाग के साथ अन्य विभागों के ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारियों व कर्मचारियों की मदद ली जाएगी। ग्राम पंचायतवार टीमें बनाकर पहले कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके बाद पशुओं की गणना का कार्य शुरू करा दिया जाएगा। पशु गण्ना को लेकर माना जा रहा है कि वर्ष 2019 में हुई पशु गणना के मुकाबले अब जिले में पशुओं की संख्या काफी बढ़ गई है। इसमें भी बड़ी संख्या में छुट्टा पशु बढ़े हैं, जो किसानों के साथ ही लोगों के लिए भी मुसीबत का कारण बन रहे हैं। माना जा रहा है कि गणना के बाद इनके संरक्षण के लिए भी प्रयास किए जाएंगे।

- पशुपालन विभाग वर्ष 2019 के आंकड़ों के हिसाब से गणना के लिए गठित कर रहा टीम

### 1036 ग्राम पंचायतों में होगी पशु गणना

जिले की सभी 1036 ग्राम पंचायतों के साथ 21 निकायों में पशु गणना की जाएगी। इसमें गाय, बैल, भैंस, भेड़, बकरी, सुअर, घोड़ा व कुत्ता सहित अन्य पशुओं की विभिन्न प्रजातियों की गणना कर आंकड़े जुटाए जाएंगे। पशुओं के क्षेत्र में उचित योजना बनाने, कार्यक्रम तैयार करने, पुनर्निर्माण करने एवं विभिन्न योजनाओं को सही दिशा देने में पशुधन के आंकड़े सहायक होंगे।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत फुफेरा भाई घायल

**बदायूं, अमृत विचार :** इस्लामनगर थाना क्षेत्र में बिल्सी मार्ग पर गांव राजपुर रोशन नगर चौराहे पर लोडर वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया। हादसे में युवक की मौत हो गई जबकि उसका फुफेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया।

इस्लामनगर क्षेत्र के कस्बा रुदायन निवासी अरुण पुत्र संतोष अपने फुफेरे भाई जिला संभल के थाना बबराला क्षेत्र के गांव शाहबाद निवासी रोहित (19) पुत्र उमेश के साथ बाइक से कस्बा इस्लामनगर जा रहे थे। बिल्सी की ओर से तेज रफ्तार से आए लोडर वाहन ने उनकी बाइक को रौंद दिया। अरुण की मौके पर मौत हो गई। जबकि बाइक पर बैठा रोहित घायल हो गया। उसे सीएचसी पर भर्ती कराया गया है। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने बरेली रेफर कर दिया। पुलिस ने लोडर वाहन को थाने पर खड़ा कराया गया है। चालक पुलिस की हिरासत में है।

# जरियनपुर सीएचसी पर तैनात हेल्थ वर्कर से ठगी

संवाददाता, मिर्जापुर

- 56 बार में खाते से निकल गए 1.70 लाख रुपये, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** जरियनपुर सीएचसी पर तैनात एएनएम को सिम पोर्ट कराना महंगा पड़ गया। सिम चालू होने के दौरान एएनएम के खाते से 56 बार में 1,70,767 रुपये निकाल लिए।

जरियनपुर सीएचसी पर तैनात एएनएम सरला देवी की सिम बंद होने पर वह बीती 10 जून को चालू कराने के लिए मिर्जापुर कस्बे में मोबाइल शॉप पर गई। उन्होंने बताया कि कस्बा निवासी सौरभ की दुकान से सिम खरीदा। दुकानदार द्वारा दो बार उसकी बायोमेट्रिक कराई गई और फोटो लिया गया, साथ ही कहा कि दो घंटे में सिम चालू हो जाएगी। आठ बजे तक सिम चालू नही हुई लेकिन उसकी कॉल फॉरवर्ड होने लगी। दूसरे दिन फिर वह दुकानदार के पास गई और कहा कि सिम चालू नही हुई है लेकिन सिम और कही चल रही है। दुकानदार ने जानकारी लेकर बताया कि सिम चालू नही हो पाएगी। फिर वह दूसरे दुकानदार अभिषेक के यहां गई।

वहां उन्होंने बायोमेट्रिक करने के बाद कहा कि दो घंटे में सिम चालू हो जाएगी। सिम दो घंटे बाद चालू हो गई। इस दौरान उनके मोबाइल पर एक हजार रुपये कटने का मैसेज आया। उसने जब खाता देखा तो उसके खाते से सारे पैसे गायब थे। बैंक में जाकर पता किया तो बताया गया कि 56 बार में यूपीआई द्वारा उसके खाते से 1,70, 767 रुपये निकाले गए है। पीड़िता ने मिर्जापुर थाने में धारा 420 और 66 डी के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**परेशानी** मिर्जापुर में रामगंगा व बहगुल नदी पर बने पैंटून पुल के खुलने की प्रक्रिया शुरू

# खूब गुजरे वाहन, आज बंद हो सकता है आवागमन

संवाददाता, मिर्जापुर (शाहजहांपुर)

- जिला मुख्यालय पहुंचने को 70 किलोमीटर का चक्कर लगाने को मजबूर होंगे क्षेत्रवासी

**अमृत विचारः** मिर्जापुर में रामगंगा व बहगुल नदी पर बने पैंटून पुल के खुलने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिससे हल्के वाहनों का भी जिला मुख्यालय से सीधा संपर्क जल्द कट जाएगा। जिला मुख्यालय पर जाने के लिए 70 किलोमीटर का चक्कर लगाने को क्षेत्रवासी मजबूर होंगे।

बारिश का मौसम आते ही पैंटून पुल खुलने का काम शुरू हो गया है। मंगलवार को कोलाघाट में लगे दो पैंटून पुल में से एक खुलना शुरू हो गया है। बुधवार को दूसरे पुल के खुलने से आवागमन बिल्कुल बंद हो जाएगा।

फिलहाल सोमवार व मंगलवार को हुई बारिश के बाद कोलाघाट का रास्ता वाहन चालकों के लिए अच्छा हो गया। जिसके चलते दोनों दिन वाहन बिना परेशानी के आसानी से गुजरते रहे।

**लोगों को दिक्कत पर किसी को सरोकार नहीं :** लाखों की आबादी इस पुल पर निर्भर है। इसके बावजूद किसी जनप्रतिनिधि या अधिकारी का ध्यान इस समस्या की ओर नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि इतनी दिक्कत झेलने और शिकायत के बावजूद किसी पर कोई असर नहीं होता।

### कटरी और मुख्यालय की दूरी को कम करता है पुल

पैंटून पुल के जरिये कटरी के बाशिंदों को जिला मुख्यालय से जोड़े रखा गया। पैंटून पुल की वजह से मिर्जापुर से जिला मुख्यालय की दूरी 40 किलोमीटर है और कलान की दूरी 52 किलोमीटर है। लेकिन बारिश के दिनों में पैंटून पुल हट जाने से दोनों विकास खंड के लोगों को जनपद फर्रुखाबाद के अमृतपुर, राजेपुर होते हुए शाहजहांपुर के अल्हागंज से जलालाबाद होकर करीब 70 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाकर जिला मुख्यालय जाना पड़ेगा। जिससे समय व पैसे की बर्बादी होती है।

### 29 नवंबर 2021 को जमींदोज हो गया था पुल

मिर्जापुर कलान की लाइफ लाइन कहा जाने वाले कोलाघाट पुल का पिलर 29 नवंबर 2021 को जमींदोज हो गया था। जिससे मिर्जापुर और कलान दोनों ब्लॉकों के बाशिंदों का सीधा संपर्क जिला मुख्यालय से कट गया था। वहीं दोनों विकास खंडों में विकास की रफ्तार भी धीमी हो गई है।

पैंटून पुल के खुलने का समय हो गया है। मंगलवार को एक पुल खुलना शुरू हो गया है। बुधवार को दूसरे को हटाने की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। – ज्ञानेंद्र कुमार, जेई पीडब्ल्यूडी

## छुट्टा गोवंश ने बुजुर्ग के पेट में घुसाया सींघ, मौत

**बिसौली (बदायूं)।** बिसौली क्षेत्र के गांव पिंदारा के महाराम सिंह मंगलवार दोपहर लगभग गांव से कस्बा बिसौली आ रहे थे। रास्ते में छुट्टा गोवंश ने उनके पेट में सींघ घुसा दिया। बुजुर्ग के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास खेतों पर काम कर रहे किसान पहुंचे तो छुट्टा गोवंश बुजुर्ग को छोड़कर भाग गया। सूचना पर ग्रामीण का शिक्षक बेटा छत्रपाल पहुंचा और बुजुर्ग को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया। जहां इलाज के दौरान महाराम सिंह की मौत हो गई।



